## संपादकीय

# बने रहें हमकदम

ब्राजील में आयोजित ब्रिक्स के ग्यारहवें शिखर सम्मेलन में दुनिया की पांच उभरती हुई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं ने संरक्षणवाद के खिलाफ कमर कसते हुए बहुपक्षीयता का झंडा बुलंद किया। उन्होंने तय किया कि इसके सामने आने वाली हर संभव चुनौती से पांचों देश मिलकर निपटेंगे। सम्मेलन के अवसर पर जारी एक संयुक्त घोषणा पत्र में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका ने कहा कि व्यापार में तनाव और नीतिगत अनिश्चतता का वैश्विक अर्थव्यवस्था में विश्वास, व्यापार, निवेश और वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। ऐसे में यह अहम है कि सभी डब्ल्यूटीओ सदस्य एकतरफा और संरक्षणवादी कदम उठाने से बचें।

उन्होंने कहा कि हम नियमों पर आधारित, पारदर्शी, भेदभाव रहित, खुले, मुक्त और समावेशी अंतरराष्ट्रीय व्यापार के मूलभूत महत्व को दोहराते हैं। जाहिर है, उनका निशाना अमेरिका का संरक्षणवाद है। आज जब अमेरिका तमाम अंतरराष्ट्रीय व्यवस्थाओं और मानदंडों को नकार कर एकतरफा नीतियां अपना रहा है, तब इन पांच मुल्कों की आपसी समझदारी न सिर्फ इनके लिए काफी मायने रखती है, बल्कि इसका लाभ दूसरे देशों को भी मिलेगा। विश्व अर्थव्यवस्था पर अभी चौतरफा स्लोडाउन के बादल मंडरा रहे हैं। करीब एक दशक पहले भारत और चीन समेत तमाम विकासशील अर्थव्यवस्थाओं ने जो उड़ान भरी थी, वे अभी उलटी हवाओं का सामना कर रही हैं। दुनिया को पिछली मंदी से बाहर निकालने वाले चीन की इकॉनमी में ठहराव दिख रहा है। साउथ अफ्रीका और ब्राजील गंभीर गतिरोध का सामना कर रहे हैं और प्रतिबंधों से घिरा रूस खुद को पटरी पर लाने की जद्दोजहद में जुटा है।

भारत की स्थिति भी इनसे अलग नहीं है और यहां मांग पर ब्रेक-सा लगा हुआ है। ऐसे में इन देशों का आपसी सहयोग एक-दूसरे को वर्तमान जड़ता से निकालने में मददगार हो सकता है। पिछले 13 सालों में इसकी छवि एक ताकतवर संगठन की बनी है, जिसकी दुनिया की कुल जनसंख्या में 42 फीसदी, वैश्विक जीडीपी में 23 फीसदी और विश्व व्यापार में करीब 17 फीसदी हिस्सेदारी है। आज यह तमाम व्यवस्थाओं को प्रभावित करने की स्थिति में है। इसके भीतर भारत की भूमिका भी लगातार बढ़ी है। भारत की पहल पर ही ब्रिक्स ने आतंकवाद के खिलाफ एक सख्त स्टैंड लिया है।

इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में ब्रिक्स देशों के बीच व्यापार और निवेश बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया और नवाचार (इनोवेशन) के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के प्रयासों का आह्वान किया। उन्होंने कई अहम सुझाव भी दिए, जैसे अगली समिट तक 500 अरब डॉलर के आपसी व्यापार का लक्ष्य हासिल करने के लिए एक रोडमैप बने और पांचों देशों में उभरे एग्रोटेक स्टार्टअप्स अपने अनुभव साझा करें। उम्मीद करें कि आपसी सहयोग का यह सिलसिला आगे और मजबूत होता जाएगा।

# कैट ने दिया न्यूनतम मूल्य प्रणाली लागू करने का सुझाव




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश के खुदरा कारोबारियों के शीर्ष संगठन कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट ) ने ई कॉमर्स कंपनियों द्वारा दी जारी भारी छूट के मद्देजनर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को न्यूनतम मूल्य प्रणाली लागू करने का सुझाव दिया है।

कैट ने गोयल को रविवार को भेजे एक पत्र में कहा कि एफडीआई नीति औरर बार बार चेतावनी दिये के बावजूद अमेज़न एवं फ्लिपकार्ट सहित अनेक ई-कॉमर्स कंपनियों ने कथित अनैतिक और अनुचित व्यापारिक प्रथाओं को अपनाते हुये ई कॉमर्स एवं रिटेल बाज़ार को बुरी तरह खराब कर दिया है। इन परिस्थितियों पर गहरी चिंता जताते हुए कैट ने गोयल को सुझाव दिया है की सरकार ई कॉमर्स और रिटेल बाज़ार को व्यवस्थित करने के लिए न्यनतम मूल्य प्रणाली लागू करे।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि ई कॉमर्स कंपनियों की मनमानी से देश में 7 करोड़ से अधिक छोटे व्यवसायी बेहद परेशान हैं और अत्यधिक निराश हैं क्योंकि इन ई-कॉमर्स कंपनियों ने सरकारी नीतियों की अनदेखी करते हुये देश के ई कॉमर्स एवं रिटेल व्यापार पर कब्ज़ा जमाने के लिए कथित अनैतिक रास्ते अपनाये हुए हैं और सुनियोजित तरीके से लागत से भी कम मूल्य और भारी छूट प्रणाली को जारी रखे हुए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि ई कॉमर्स कंपनियों, विनिर्माताओं और बैंक मिलकर वास्तविक बाजार मूल्य की तुलना में काफी कम कीमतों पर माल बेचकर सरकार को जीएसटी राजस्व का नुकसान भी कर रहे हैं। कैट ने अपने पत्र में कहा है कि वर्तमान परिस्थितियों में ई कॉमर्स एवं रिटेल बाजार में एक मूल्य युद्ध है जिसको देखते हुए सरकार को न्यूनतम मूल्य प्रणाली (एमओपी) को लागू करना चाहिए।

## औद्योगिक नीति के मसौदे में विनिर्माण क्षेत्र में मूल्यवर्धन को 1,000 अरब डॉलर पर पहुंचाने का लक्ष्य



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने औद्योगिक नीति का शुरुआती मसौदा तैयार किया है। इसमें विनिर्माण क्षेत्र में मूल्यवर्धन को 2025 तक 1,000 अरब डॉलर पर पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है। इस नीति के तहत वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी कारोबारी उपक्रम बनाने की है जो रोजगार का सृजन करने वाला और सतत जीवनयापन को प्रोत्साहन देने वाला है। अधिकारी ने कहा कि इस नीति का मकसद नवोन्मेषण, प्रौद्योगिकी, वित्तीय दृष्टि से व्यावहारिक और पर्यावरण अनुकूल उद्योग को आगे बढ़ाना है जिसका लाभ समाज के सभी वर्गों को साझा किया जा सके। नीति के शुरुआती मसौदे को विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के पास उनकी राय लेने के लिए भेजा गया है। अधिकारी ने कहा कि यह नीति कुशल भारत मिशन के साथ मिलकर काम करेगी जिससे भविष्य के कार्यबल की रोजगारोन्मुखता बढ़ाई जा सकेगी। साथ ही यह नीति विदेश व्यापार नीति के साथ चलेगी जिससे वैश्विक स्तर पर वस्तुओं के निर्यात में भारत का हिस्सा बढ़ाया जा सके।

## पेट्रोल के दाम में वृद्धि का सिलसिला जारी, डीजल की कीमत स्थिर




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने से देश में पेट्रोल के दाम में लगातार वृद्धि का सिलसिला जारी है, हालांकि डीजल के दाम में स्थिरता बनी हुई है। तेल विपणन कंपनियों ने लगातार चौथे दिन रविवार को पेट्रोल के दाम में 11 से 13 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की, लेकिन डीजल की कीमत में लगातार पांचवें दिन कोई बदलाव नहीं किया। कच्चे तेल के दाम में बीते सत्र में करीब दो फीसदी की तेजी आई, जबकि इस महीने नवंबर में बेंचमार्क कच्चा तेल ब्रेंट क्रूड के दाम में तीन डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा का इजाफा हुआ है, जिससे आने वाले दिनों में पेट्रोल और डीजल की महंगाई से राहत मिलने की गुंजाइश कम दिख रही है। पेट्रोल रविवार को फिर दिल्ली में 12 पैसे, कोलकाता और मुंबई में 11 पैसे जबकि चेन्नई में 13 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है।

## राजधानी, शताब्दी और दुरंतो में खाने का ऑप्शन चुनने वाले यात्रियों के लिए सफर होगा महंगा

### » 3 प्रतिशत-9 प्रतिशत तक बढ़ेगा किराया



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अभी हाल ही में ट्रेनों में चाय और खाना महंगा हुआ था और आज बड़ी खबर निकल कर सामने आई है। ये खबर लाखों रेल यात्रियों के लिए किसी झटके से कम नहीं है। राजधानी, शताब्दी और दुरंतो जैसी ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को झटका लगने वाला है। इन ट्रेनों में सफर करने वाले यात्री अगर टिकट बुक करते समय खाने को भी शामिल करते हैं तो उन्हें 3 प्रतिशत से लेकर 9 प्रतिशत तक अधिक किराया देना होगा। संशोधित कैटरिंग चार्ज अगले साल 29 मार्च से लागू होगा।

नए आदेश के मुताबिक, इन ट्रेनो में यात्रियों को फर्स्ट क्लास एसी और एग्जिक्युटिव क्लास में चाय के लिए 35 रुपये (अभी 15 रुपये), ब्रेकफास्ट के लिए 140 रुपये (अभी 90 रुपये) तथा लंच और डिनर के लिए 245 रुपये (अभी 140 रुपये) का भुगतान करना होगा। वहीं, सेकेंड क्लास एसी, थर्ड क्लास एसी तथा चेयरकार में मॉर्निंग टी 20 रुपये (अभी 10 रुपये), ब्रेकफास्ट 105 (अभी 70 रुपये), लंच तथा डिनर 185 रुपये (अभी 120 रुपये) और इवनिंग टी 90 रुपये (अभी 45 रुपये) में मिलेगा।

## शेयर बाजार : अमेरिका-चीन व्यापारिक वार्ता की प्रगति से तय होगी चाल



**मुंबई (आरएनएस)।** विदेशी बाजार से मिलने वाले संकेतों से इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की चाल तय होगी, खासतौर से अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक मसलों को सुलझाने की दिशा में होने वाली प्रगति पर बाजार की नजर रहेगी। वहीं, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों और घरेलू संस्थागत निवेशकों के निवेश के प्रति रुझान से भी बाजार को दिशा मिलेगी। इसके अलावा, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के भाव और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल से भी बाजार की दिशा तय होगी। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का भाव बीते सप्ताह तकरीबन दो महीने के ऊंचे स्तर पर चला गया था। कच्चे तेल का दाम बढ़ने से रुपये में कमजोरी आ सकती है जिसका असर शेयर बाजार पर देखने को मिलेगा। पिछले सप्ताह के आखिर में देसी मुद्रा में सुधार देखने को मिला था।

संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। इस दौरान राजनीतिक घटनाक्रमों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।

## शकुंतला देवी बायॉपिक में विद्या बालन के दामाद बनेंगे अमित साध



महान गणितज्ञ शकुंतला देवी पर बन रही बायॉपिक की लंबे वक्त से चर्चा है। फैन्स की एक्साइटमेंट उस वक्त और बढ़ गई थी, जब फिल्म से शकुंतला के किरदार में विद्या बालन का लुक रिलीज किया गया। फिल्म में विद्या की बेटी के रोल में ऐक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा नजर आएंगी और अब एक और नाम इस फिल्म से जुड़ गया है।

यह नाम है ऐक्टर अमित साध का, जो काय पो छे, गोल्ड और सुल्तान जैसी फिल्मों में अपना दमखम दिखा चुके हैं। शकुंतला देवी की बायॉपिक में अमित विद्या बालन के दामाद के रोल में नजर आएंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म को लेकर अमित साध ने कहा कि जब उन्होंने इस फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ी तब उन्हें शकुंतला देवी के बारे में काफी कुछ पता चला। वह इस फिल्म से जुड़कर काफी खुश हैं और उम्मीद करते हैं कि दर्शकों को उनका अजय का किरदार पसंद आएगा।

शकुंतला देवी एक महान गणितज्ञ थीं। वह इतनी प्रखर बुद्धि की मालकिन थी कि उन्हें मानव कंप्यूटर के नाम से जाना जाता था। इस फिल्म में बांग्ला ऐक्टर जिशु सेनगुप्ता विद्या के पति के रोल में नजर आएंगे। फिल्म को अनु मेनन डायरेक्ट कर रही हैं। यह 2020 में रिलीज होगी।

## सलमान खान की राधे में साउथ का सुपरस्टार किच्चा सुदीप बनेगा विलन



सलमान खान की दबंग 3 में जहां एक तरफ साउथ फिल्मों के ऐक्टर किच्चा सुदीप विलन के रोल में नजर आएंगे, तो वहीं दूसरी ओर, सलमान की दूसरी फिल्म यानी राधेः यॉर मोस्ट वॉन्टेड भाई में भी साउथ फिल्मों का एक सुपरस्टार विलन के रोल में नजर आएगा।

इस ऐक्टर का नाम है भरत। उन्होंने सनी लियोनी और सचिन जोशी स्टारर जैकपॉट से बॉलिवुड में डेब्यू किया था। साउथ फिल्मों में बड़े स्टार्स में शुमार भरत अब राधे में अपना जलवा दिखाएंगे। भरत ने इंस्टाग्राम पर सलमान संग फोटोज शेयर किए और लिखा, आखिर मेरा सपना पूरा हो ही गया। इसके लिए मैं प्रभुदेवा का तहे दिल से शुक्रगुजार हैं। उन्होंने मुझमें विश्वास दिखाया, इसके लिए उनका आभार। बाकी अपडेट्स जल्द ही।

बता दें कि राधे साल 2009 में आई प्रभुदेवा की निर्देशित फिल्म वॉन्टेड का सीक्वल है, जिसे प्रभुदेवा ही डायरेक्ट कर रहे हैं। कुछ वक्त पहले सलमान ने फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज किया था, जिसे फैन्स का क्रेजी रिस्पॉन्स मिला। यह फिल्म 2020 में ईद के मौके पर रिलीज होगी।

## सत्ते पे सत्ता के रीमेक में ग्लैमरस टीचर के रोल में नजर आएंगी अनुष्का शर्मा?



काफी दिनों से ऐसी चर्चा चल रही है कि फिल्ममेकर फराह खान सत्ते पे सत्ता का रीमेक बनाने जा रही हैं। फैंस भी इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऑरिजनल फिल्म में अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी लीड रोल में थे। कहा जा रहा है कि रीमेक में उनकी जगह रितिक रोशन और अनुष्का शर्मा लेंगे। इस बीच फिल्म में अनुष्का के कैरक्टर से जुड़ा नया अपडेट सामने आया है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जहां ऑरिजनल फिल्म में हेमा मालिनी ने किरदार निभाया था, वहीं फराह ने रीमेक में लीड ऐक्ट्रेस का प्रफेशन चेंज कर दिया है। फिल्म में अनुष्का ग्लैमरस टीचर के रोल में होंगी।बता दें, अनुष्का के रोल के लिए फराह ने अपनी ही फिल्म मैं हूं ना से प्रेरणा ली है जिसमें सुष्मिता सेन ग्लैमरस टीचर मिस चांदनी के किरदार में दिखी थीं। हालांकि, इस बार साड़ी की जगह अनुष्का शॉर्ट जैकेट्स और समर ड्रेसेस में नजर आएंगी।

## आज का राशिफल

मेषः- आज कार्यस्थल में साथियों का और घर मे अपने से छोटे सदस्यों का सहयोग मिलेगा। बच्चों के करियर को लेकर हो रही चिंता आपको थोड़ी भाग दौड़ करा सकती है।

वृषभः- आज ऑफिस में हर तरह की रुकावटों और अड़चनों को आप अपने सीनियर्स की मदद से हटाते रहेंगे। एसएमएस के जरिए कोई महत्वपूर्ण खबर मिलेगी।

मिथुनः- आज आपको कुछ दिनों पहले खोई हुई कोई खास चीज मिल सकती है। किसी को बहुत पहले दिया गया उधार आज वापस मिल जाएगा। लेकिन खास बात यह है कि इसके अलावा भी दिनभर आपको कई सरप्राइज मिलते रहेंगे।

कर्कः- आज आपका दिन कई रंग बदलेगा। पहले नए काम में कुछ रुकावट महसूस करेंगे। लेकिन दिन बीतने के साथ-साथ काम बनते नजर आएंगे।

सिंहः- आज आपके प्रॉपर्टी के मामले हल हो सकते हैं। कमाई में बढ़ोतरी होगी, लेकिन साथ ही खर्च के बहाने भी मिल जाएंगे। लेखक और पत्रकार जैसे लोग, लोगों की नज़रों में चढ़ जाएंगे।

कन्याः- आज आपका दिन चुस्ती से भरा होगा। आपके सहयोगी कुछ रिलेक्स मूड में रहेंगे और पहले से ज्यादा काम करने की इच्छा जताएंगे।

तुलाः- आज समाज में आपका मान सम्मान बढ़ेगा। इसके लिए कोई आयोजन हो सकता है। आपके प्रेमी को किसी बात से समझौता करना पड़ सकता है।

वृश्चिकः- आज आप सोशल वर्क के जरिए कुछ उद्देश्य हासिल करेंगे। ऑफिस का माहौल काम के लिए बिल्कुल ठीक रहेगा। आप अपोजिट सैक्स के प्रति आकर्षण पहले से कुछ ज्यादा महसूस करेंगे।

धनुः- आज का दिन ऑफिस के वर्तमान माहौल में आपके लिए मन लगाना कुछ मुश्किल हो सकता है। माहौल को जिंदादिल बनाने की आपकी कोशिश कामयाब हो सकती हें।

मकरः- आज का दिन आपका इंतहान जैसा है। मेहनत से जो कुछ भी करेंगे, वह काफी अच्छा रिजल्ट लेकर आएगा। रोमांटिक पार्टनर के साथ घूमने-फिरने का मौका मिलेगा और इससे आपकी खुशी दोगुनी हो जाएगी।

कुंभः- आज दिन की शुरुआत थोड़ा बेचैनी से होगी। जो काम आप करेंगे वह इसी बेचैनी के चलते होगा। ऐसे में महसूस होग कि आपने एक ही दिन में ढेर सारे लटके हुए काम निपटा लिए हैं।

मीनः- आज आप किसी सौदे या लेन देन के दौरान टेंशन न लें। बढ़ते खर्च को काबू मे करना काफी कठिन लगेगा, लेकिन थोड़ी सी इच्छा शक्ति से सब कुछ संभव है।

## नमक पारे बनाने की विधि...



### आवश्यक सामग्री

मैदा - 30 ग्राम
रिफाइंड ऑयल - 5 मि.ली.
पानी - जरुरत अनुसार
रोस्टेड ओट्स पाउडर - 20 ग्राम,
नमक - जरुरत अनुसार।

### बनाने की विधि

नमकपारे बनाने के लिए एक बाउल लें, उसमें रोस्टड ओट्स पाउडर लेकर अच्छे से मिक्स करें इसके बाद ऑयल डाल दें और धीरे-धीरे पानी डालते हुए एक सॉफ्ट आटा तैयार कर लें अब बेलन की मदद से बेलकर फिर डायमंड शेप में काट लें।ध्यान रखें आटा न तो ज्यादा भारी हो न ही पतला। अब तैयार नमकपारे को बेकिंग ट्रे पर अलग-अलग रखें, ट्रे पर ऑयल लगाना मत भूलेंअब गोल्डन ब्राउन होने तक नमकपारों को कुक होने दें। 5 से 10 मिनट के बीच आपके नमकपारे बनकर तैयार हो जाएंगे अब इन्हें मेहमानों के साथ शाम की चाय के साथ एंजॉय करें।

## शब्द सामर्थ्य- 47

**बाएं से दाएं**
1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**
1. बेफ़िक्र, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 46 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तीं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

## सू-दोकू- 47

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.46 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |